अनुसूचित जनजाति (जिला योजना)
संख्या: 1634/1(2)/2009-06(1)/68/08

प्रेषक,

सौरभ जैन,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
नैनीताल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, देहरादून, चमोली एवं उत्तरकाशी,
उत्तराखण्ड।

ऊर्जा अनुभाग–2, देहरादून: दिनांक: 12 अगस्त, 2009

विषय:– वित्तीय वर्ष 2009–10 में उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 को विद्युतीकरण कार्यों (अनुसूचित जनजाति उपयोजना) हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य योजना आयोग के शासनादेश संख्या 624/जि0यो0/रा0यो0आ0/मु0स0/2008, दिनांक 24.03.2008 एवं वित्त अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 515/XXVII(1)/2009, दिनांक 28.07.2009 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2009–10 में उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 को जिला योजनान्तर्गत (अनुसूचित जनजाति के कल्याणार्थ) अनुमोदित कार्यों हेतु लेखानुदान से शासनादेश संख्या 1010/1(2)/2009-06(1)/68/08, दिनांक 29.04.2009 के द्वारा अवमुक्त धनराशि के अतिरिक्त ऋण के रुप में रु0 21,53,000.00 (रू0 इक्कीस लाख तिरेपन हजार मात्र) की धनराशि संलग्न विवरण–1 के कॉलम 5 में वर्णित जनपदवार फॉट के अनुसार आपके निवर्तन पर व्यय हेतु रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय निम्न शर्तो के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

1– उक्त स्वीकृत धनराशि से जनपदों में वे ही कार्य सम्पादित कराये जायेंगे जो चालू योजना के हों एवं जनपद की जिला सैक्टर की योजना के अन्तर्गत जिला नियोजन एवं अनुश्रवण समिति द्वारा चयनित एवं अनुमोदित हैं। स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय वास्तविक आवश्यकतानुसार नियोजन एवं अनुश्रवण समिति द्वारा अनुमोदित परिव्यय सीमा के अधीन ही किया जायेगा। व्यय जनपदवार अनुमोदित प्लॉन परिव्यय के अनुसार ही किया जायेगा तथा उपरोक्त वर्णित शासनादेश दिनांक 24.03.2008 तथा दिनांक 28.07.2009 में जारी निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा।

2– कार्य प्रारम्भ करने से पहले कार्यो का विस्तृत आगणन, कार्यों का विस्तृत विवरण, समयबद्ध समय सारिणी, लागत, लाभान्वित होने वाले क्षेत्र का विस्तृत विवरण शासन को भी उपलब्ध करा दिया जायेगा तथा कार्य पूर्ण होने पर उक्त बिन्दुओं पर वास्तविक विवरण भी शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का व्यय एवं कार्यो का क्रियान्वयन परियोजना मोड में यथोचित बारचार्ट/पर्ट चार्ट आदि पूर्व में निश्चित कर किया जायेगा।

3– उक्त स्वीकृति के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो की जानकारी क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी, आयुक्त, संबंधित ग्राम प्रधानों को कार्य कराने से पूर्व व बाद में उपलब्ध कराया जायेगा तथा यथोचित माध्यम से प्रचार–प्रसार भी किया जायेगा।

4– उक्त स्वीकृत धनराशि के बिल उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 के जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा तैयार कर नियमानुसार धनराशि का आहरण किया जायेगा तथा स्वीकृत की जा रही धनराशि केवल उक्त कार्यो एवं उद्देश्य हेतु ही व्यय की जायेगी।

5– व्यय करने से पूर्व योजनाओं पर बजट मैनुअल, फाईनेन्सियल हैण्डबुक स्टोर पर्चेज तथा शासन के मितव्ययता के विषय में आदेश व तद्विषयक आदेशों का अनुपालन किया जायेगा। उपकरणो आदि का क्रय उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली तथा टैण्डर/कुटेशन विषयक नियमों का अनुपालन करते हुये किया जायेगा।

6– नये कार्यो पर व्यय करने से पूर्व इनके विस्तृत आगणन पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

7– स्वीकृत कार्यो की कम्प्यूटरीकृत सूची शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

8– आवश्यक सामग्री का क्रय सम्बन्धित फर्म से प्राप्त सामग्री की जाँच के उपरान्त ही किया जायेगा एवं इस हेतु सक्षम अधिकारी को अधिकृत किया जायेगा, जो इस हेतु पूर्ण रुप से उत्तरदायी होंगे।

9– ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु नाबार्ड द्वारा ऋण रु0 6.5% की दर निर्धारित है। इस ऋण पर भी ब्याज की दर 6.5% निर्धारित की जाती है तथा विलम्ब की दशा में 1.0% अतिरिक्त विलम्ब शुल्क देय होगा। मूलधन की वापसी 10 वार्षिक किश्तों में (ब्याज सहित) माह अप्रैल, 2010 से प्रारम्भ होगा।

...2

10- प्रत्येक ऋण आहरण की सूचना महालेखाकार, उत्तराखण्ड को शासनादेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, वाउचर संख्या, निधि लेखाशीर्षक सूचित करते हुये भेजेंगे।

11- उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0 जब भी किश्तों का भुगतान करें ब्याज भी अवश्य जमा करें एवं महालेखाकार कार्यालय को सूचना निम्न प्रारूप पर भेजें-

1- कोषागार का नाम, 2- चालान सं0, 3- जमा धनराशि, किश्त, ब्याज, 4- शासनादेश संख्या और एस0एस0आर0 का संदर्भ, 5- लेखाशीर्षक, जिसके अन्तर्गत जमा की धनराशि ब्याज।

12- ऋण प्राप्तकर्ता द्वारा आहरण के प्रत्येक वर्ष पर अपने लेखों का मिलान महालेखाकार कार्यालय के लेखे से अवश्य करें तथा शासन को मिलान की सूचना उपलब्ध कराई जाय तथा किश्तों के भुगतान का मिलान शासन से भी करा लें।

13- भविष्य में ऋण तभी स्वीकृत किया जायेगा जब यह सुनिश्चित हो जाय कि ऋणी संस्था इस प्रकार के वार्षिक लेखों का मिलान महालेखाकार कार्यालय से करा लिया है ताकि अवशेष ऋण की स्थिति शासन को स्पष्ट रहे और ऋण संस्था महालेखाकार से इस आशय का प्रमाण पत्र शासन को उपलब्ध करा दे।

14- स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र महालेखाकार एवं शासन को दिनांक 31.03.2010 तक अवश्य उपलब्ध करा दिया जायेगा। योजना का मासिक रुप से व्यय विवरण शासन को प्रेषित किया जायेगा।

15- जिला योजना में सामान्य अंश एवं अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ धनराशि अलग से निर्गत है।

16- अवमुक्त की जा रही धनराशि का जिला नियोजन एवं अनुश्रवण समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव में निर्धारित वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के लक्ष्य अनुसार व्यय किया जायेगा।

17- स्वीकृत धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2009-2010 के आय-व्ययक के अनुदान सं0 31 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 6801-बिजली परियोजनाओं के लिये कर्ज-05-पारेषण एवं वितरण-आयोजनागत-796-जनजाति क्षेत्र उपयोजना-91-यूपीसीएल को ऋण जिला योजना-01-उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन को ऋण-30-निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश सं0 515/XXVII(1)/2009, दिनांक 28.07.2009 में उल्लिखित प्रतिबन्धों एवं सहमति के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,

(सौरभ जैन)
अपर सचिव

संख्या /631 /II(2)/2009-06(1)/68/08, तदिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक की प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, उत्तराखण्ड।
2- निजी सचिव-मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3- आयुक्त गढ़वाल/कुमाऊँ मण्डल।
4- प्रबन्ध निदेशक/जिला स्तरीय अधिकारी, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून।
5- समस्त जिला नियोजन एवं अनुश्रवण समिति, उत्तराखण्ड।
6- कोषाधिकारी, नैनीताल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, देहरादून, चमोली एवं उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड।
7- वित्त अनुभाग-2/बजट निदेशालय।
8- समाज कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ/समाज कल्याण/नियोजन/राज्य योजना आयोग, उत्तराखण्ड शासन।
9- प्रभारी, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर।
10- विशेष सैल, ऊर्जा।
11- गार्ड फाईल हेतु।

संलग्नक- यथोक्त।

आज्ञा से,

(एम0एम0 सेमवाल)
अनु सचिव

शासनादेश संख्या /634/ I(2)/ 2009-6(1)/68/2006 दिनॉक 12 अगस्त 2009 का संलग्नक-"क "

अनुदान संख्या -30
लेखाशीर्षक :- 6801-बिजली परियोजनाओं के लिए कर्ज
05-पारेषण एवं वितरण - आयोजनागत
796-जनजाति क्षेत्र उप योजना
91-यूपीसीएल को ऋण जिला योजना
01- उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन को ऋण
30 निवेश/ऋण

(धनराशि लाख रूपये में)

क0सं0	जनपद का नाम	कुल बजट व्यवस्था	शासनादेश संख्या 1010 दिनॉक 29-4-2009 के द्वारा अवमुक्त धनराशि	जिला योजना में अनुसूचित जनजाति उप योजना में अवमुक्त की जा रही धनराशि
1	2	3	4	5
1	नैनीताल	32.29	1.67	3.33
2	पिथौरागढ़		1.58	3.16
3	बागेश्वर		0.22	0.45
4	देहरादून		3.47	6.93
5	चमोली		2.92	5.86
6	उत्तरकाशी		0.90	1.80
	योग	32.29	10.76	21.53

(रू0 इक्कीस लाख तिरेपन हजार मात्र)

12.8.09
(सौरभ जैन)
अपर सचिव

D:\New Folder\budget avantan.doc